ruitment Drives have been held to clear the backlog of SC/ST reservation. Another Special Recruitment Drive is underday to further reduce the backlog.

भारतीय भाषाओं को परीक्षा का माध्यम बनाया जाना

2209. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली सभी लिखित परीक्षाओं में भारतीय भाषाओं को माध्यम के रूप में शामिल किए जाने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक कार्यान्वित कर दिया जायेगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) से (ग) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के भूतपूर्व अध्यक्ष प्रो० सतीश चन्द्र की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी जिसका उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में बहुभाषी पद्धति को लागू करने और सभी परीक्षाओं में अंग्रेजी के अनिवार्य प्रश्न पत्र, जहां कहीं भी ऐसा प्रावधान है, को समाप्त किए जाने के संबंध में विचार करना था। समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और इसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

जन-सम्पर्क कार्यों से सम्बन्धित पद

2210. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न सरकारी मंत्रालयों/विभागों तथा सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में जन-सम्पर्क से सम्बन्धित कुल कितने पद हैं ;

(ख) जन-सम्पर्क से सम्बन्धित पदों पर कार्यरत अधिकारियों में से कितने अधिकारियों के पास जन-सम्पर्क और पत्रकारिता का मान्यता-प्राप्त स्नातकोत्तर डिप्लोमा है ; और

(ग) इन पदों पर केवल जन-सम्पर्क और पत्रकारिता के मान्यता प्राप्त डिप्लोमा धारकों को ही नियुक्ति न किए जाने के क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) और (ख) भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में जन सम्पर्क से संबंधित पदों के लिए कोई एकसमान संवर्ग अथवा एकसमान नीति नहीं है । ऐसे पदों की कुल संख्या के संबंध में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

(ग) उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, यह प्रश्न नहीं उठता ।

Promotion of Physically Handicapped persons

2211. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to the answer to Starred Question 77 given in the Rajya Sabha on the 1st January, 1991 and state the number of physically handicapped persons who have been promoted so far in grade II, III and IV in Delhi Administration during the current year?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRIMATI MARGARET ALVA): The number of physically handicapped persons promoted in Grade-II, III and IV (DASS)